न्यायालय सहायक कलक्टर(एस.डी.ओ.)बालोतरा

पीठासीन अधिकारी:– श्री राजेश कुमार, आर.ए.एस.
राजस्व वाद संख्या :– 160/2009
जी.सी.एम.एस. नम्बर :– 2009/00077

वादी	बनाम	प्रतिवादी
सोमराज पुत्र तेजाराम जाति पालीवाल निवासी सिणली चौसिरा तहसील पचपदरा व जिला बालोतरा		1.मृतक वेणीराम के कायम मुकाम 1/1 श्रीमति दुर्गादेवी बेवा वेणीराम 1/2 मेघाराम पुत्र वेणीराम 1/3 ओमप्रकाश पुत्र वेणीराम 1/4 पुखराज पुत्र वेणीराम 2.मृतक सूजाराम पुत्र उदारामजी के वारिसान 2/1 मोहनलाल पुत्र सूजाराम 2/2 भगाराम पुत्र सूजाराम 2/3 हुकमाराम पुत्र सूजाराम 2/4 कालूराम पुत्र सूजाराम जाति पालिवाल निवासी सिणली चौसिरा तहसिल पचपदरा जिला बालोतरा 3.राजस्थान राज्य जरिए तहसीलदार पचपदरा जिला बालोतरा

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 53,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थिति

1.श्री अचलाराम थोरी अधिवक्ता वादी
2.प्रतिवादी एकतरफा।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajesh
Date: 2024.05.21 19:09:14
Reason: SelfAttested

:अंतिम निर्णय:

दिनांक– 15-3-2020

संक्षिप्त में वाद के सुसंगत तथ्य इस प्रकार है,कि सरहद मौजा सिणली चौसिरा तहसील पचपदरा की खेत खसरा संख्या 55 रकबा 10 बीघा 05 विस्वा व सरहद मौजा कतवारी तहसील पचपदरा की खेत खसरा संख्या 350 रकबा 34 बीघा 17 विस्वा कुल रकबा 45

सहायक कलक्टर
(S.D.O.) बालोतरा

...02 विस्वा भूमि के संबंध मे प्रस्तुत वाद दिनांक 30.4.2012 को प्राथमिक रूप से स्वीकार कर तहसीलदार पचपदरा को वादी एवं प्रतिवादी का बाई मिटस एण्ड बाउण्ड विभाजन प्रस्ताव तैयार करने हेतु भिजवाने हेतु अधिकृत किया गया था। तहसीलदार पचपदरा द्वारा माफिक प्राथमिक डिक्री अनुसार मौके का विभाजन प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध करवाया। जिसे वादी वकील की ओर से विभाजन प्रस्ताव को स्वीकार किया गया।

लिहाजा वादी का वाद अंतिम रूप से स्वीकार किया जाकर सरहद मौजा सिणली चौसिरा तहसील पचपदरा की खेत खसरा संख्या 55 रकबा 10 बीघा 05 विस्वा व सरहद मौजा कतवारी तहसील पचपदरा की खेत खसरा संख्या 350 रकबा 34 बीघा 17 विस्वा कुल रकबा 45 बीघा 02 विस्वा भूमि के संबंध में विभाजन पक्षकारान के मध्य निम्न प्रकार किया जाता है।

क्र. सं.	नाम खातेदारान	गांव का नाम	खसरा संख्या	रकबा (हैक्ट.)	किस्म भूमि	लगान	बरंग
1	सोमराज पुत्र तेजाराम जाति पालीवाल सा.देह खातेदार	सिणली चौसिरा कतवारी	55 350	0.8296 2.8207	रे.दो. बा.दो.	2.26 2.62	नक्शे में दर्शीतानुसार
2	मेघाराम पुत्र ओमप्रकाश पुखराज पि. वेणीराम दुर्गादेवी पत्नि स्व. वेणीराम हि. 1/2 मोहनलाल भगाराम हुकमाराम कालूराम पि. सूजाराम हि. 1/2 कौम पालीवाल सा. देह खातेदार	सिणली चौसिरा कतवारी	55 350	0.8296 2.8206	रे.दो. बा.दो.	2.25 2.63	नक्शे में दर्शीतानुसार

तहसीलदार,पचपदरा को आदेशित किया जाता है,कि वह उपरोक्तानुसार नामांतरकरण भरकर बाद जांच तस्दीक करें,संलग्न नामांतरकरण की पुश्त पर तरमीम अंकित करे,राजस्व रिकॉर्ड में विधिवत रूप से अमल दरामद की कार्यवाही करें। विभाजन नक्शा इस निर्णय का अभिन्न अंग होगा। डिग्री पर्चा मुर्तिब जारी हो। खर्चा पक्षकारान अपना –अपना वहन करें ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajesh K
Date: 2024.05.21 19:09:14
Reason: SelfAttested

(राजेश कुमार)
सहायक कलक्टर
(एस.डी.ओ.)बालोतरा

निर्णय आज दिनांक 15.03.2024 को लिखा जाकर सरें इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
(एस.डी.ओ.)बालोतरा

न्यायालय सहायक कलक्टर (S.D.O.) बालोतरा